फर्द अहकाम

(नियम 26)

लक्टर एंव जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाडा

जाति विश्नोई निवासी मालीखेडा हाल पुर जिला भीलवाड़ा	बनाम	ओमप्रकाश पिता वल्लभ जाति विश्नोई निवासी आजादनगर, भीलवाड़ा
– प्रार्थी		–अप्रार्थी

प्रकरण संख्या 39/2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.10.2022	प्रकरण दर्ज रजिस्टर करें। विपक्षी को नोटिस जारी करें। पत्रावली सुनवायी हेतु दिनांक 16.11.2022 को पेश हो। जिला कलक्टर भीलवाड़ा	
16.11.2022	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली एवं प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों/आधार से अधीनस्थ न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन), भीलवाड़ा में जैरकार प्रकरण को अन्य न्यायालय में स्थानांतरण करने के संबंध में कोई विशिष्ट आधार प्रतीत नहीं होते है एवं पीठासीन अधिकारी पर लगाये गये आरोप अस्पष्ट एवं मनमाने प्रतीत होते है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत् प्रकरण अन्य न्यायालय में स्थानांतरण का अस्वीकार किया जाता है। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हों। जिला कलक्टर भीलवाड़ा	